भारत सरकार
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2624

07 अगस्त, 2024

गन्ना किसानों का बकाया

2624. श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा:
श्री माथेश्वरन वी.एस.:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) चालू वर्ष सहित पिछले दस वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान तमिलनाडु सहित राज्य-वार गन्ना किसानों का कितना भुगतान बकाया है अथवा चीनी मिलों पर किसानों का कुल कितना बकाया है,;

(ख) क्या चीनी मिलें साल-दर-साल गन्ना किसानों का बकाया भुगतान नहीं कर रही हैं और परिणामस्वरूप बकाया राशि लगातार बढ़ रही है;

(ग) बढ़ते बकाया और गन्ना किसानों को भुगतान में अभूतपूर्व देरी के क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार किसानों को समय पर बकाया भुगतान नहीं करने वाली चीनी मिलों के खिलाफ कड़ा कानून लाने का विचार रखती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा चीनी मिलों द्वारा गन्ना किसानों को समय पर बकाया भुगतान सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए/उठाए जाने वाले कदमों का ब्यौरा क्या है और इसके क्या परिणाम रहे?

उत्तर

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री
(श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया)

(क): राज्य सरकारों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, चालू वर्ष सहित पिछले 10 वर्षों के दौरान, चीनी मिलों पर गन्ना किसानों के कुल बकाए का वर्ष-वार और तमिलनाडु सहित राज्य-वार विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ख) और (ग): किसानों को गन्ना बकाए का भुगतान एक सतत प्रक्रिया है और चीनी मिलों द्वारा किसानों को गन्ना बकाया भुगतान नियमित आधार पर किया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप गन्ना बकाए में कमी आई है। पिछले तीन चीनी मौसमों के दौरान किए गए गन्ना मूल्य भुगतान का विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

...2/-

(घ): राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों को आवधिक आधार पर चीनी मिलों के गन्ना मूल्य भुगतान की स्थिति की निगरानी करने हेतु शक्तियां सौंपी गई हैं और भुगतान में देरी के मामले में उनके द्वारा उचित कार्रवाई की जाती है।

(ङ): गन्ना किसानों को बकाया देय राशि के भुगतान की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से, केंद्र सरकार ने आवश्यकता पड़ने पर समय-समय पर नीतिगत हस्तक्षेप के रूप में विभिन्न कदम उठाया है, जो निम्नानुसार हैं:

i) केंद्र सरकार, गन्ना (नियंत्रण) आदेश, 1966 के खंड 3(1) में उल्लिखित कारकों को ध्यान में रखते हुए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) तय करती है।

ii) चीनी की एक्स-मिल कीमतों में गिरावट और गन्ना बकाया के संचय को रोकने के लिए चीनी का न्यूनतम बिक्री मूल्य तय किया गया था (शुरुआत में दिनांक 07-06-2018 से ₹29/किग्रा; जिसे दिनांक 14-02-2019 से संशोधित कर ₹31/किग्रा कर दिया गया)।

iii) पिछले 10 वर्षों के दौरान मिलों को ₹18,000 करोड़ से अधिक की वित्तीय सहायता प्रदान की गई, जिसके परिणामस्वरूप किसानों का बकाया चुकाया गया।

(iv) अधिशेष चीनी को इथेनॉल के उत्पादन में डायवर्सन से चीनी मिलों की वित्तीय स्थिति में सुधार हुआ। परिणामस्वरूप, वे गन्ने का बकाया जल्दी चुकाने में सक्षम हैं।

इन उपायों के परिणामस्वरूप, गन्ना मूल्य बकाए में महत्वपूर्ण कमी देखी गई है। चीनी मौसम 2021-22 (अक्टूबर-सितंबर) तक गन्ने का लगभग 99.9% बकाया चुका दिया गया है। पिछले चीनी मौसम 2022-23 के लिए, 99.6% से अधिक गन्ना बकाए का भुगतान कर दिया गया है और वर्तमान चीनी मौसम 2023-24 में, दिनांक 31.07.2024 तक लगभग 95.3% गन्ना बकाए का भुगतान कर दिया गया है।

अनुबंध-I

दिनांक 07.08.2024 को लोकसभा में उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 2624 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

दिनांक 31.07.2024 तक की स्थिति के अनुसार (आंकड़े करोड़ रुपये में)						
चालू वर्ष, वर्ष-वार और राज्य-वार सहित पिछले 10 वर्षों के दौरान चीनी मिलों पर गन्ना किसानों के कुल बकाए को दर्शाने वाला विवरण						
राज्य	**2018-19 और उससे पहले**	**2019-20**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**
उत्तर प्रदेश	115	0	0	37	213	3440
महाराष्ट्र	72	0	56	32	25	188
कर्नाटक	4	0	0	0	0	65
गुजरात	54	0	0	0	0	1090
तमिलनाडु	**51**	**0**	**0**	**0**	**0**	**74**
बिहार	68	39	4	0	0	66
हरियाणा	0	0	0	0	0	26
पंजाब	0	0	0	28	0	117
मध्य प्रदेश	6	0	0	0	0	18
उत्तराखंड	131	0	0	0	0	17
आंध्र प्रदेश	22	36	0	0	0	18
तेलंगाना	0	0	0	0	0	4
छत्तीसगढ़	0	0	0	0	0	65
उड़ीसा	3	0	0	0	0	0
कुल	**526**	**75**	**60**	**97**	**238**	**5188**

अनुबंध-II

दिनांक 07.08.2024 को लोक सभा में उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 2624 के भाग (ख) एवं (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

दिनांक 31.07.2024 तक की स्थिति के अनुसार (आंकड़े करोड़ रुपये में)									
गन्ना मूल्य भुगतान की स्थिति दर्शाने वाला विवरण									
	चीनी मौसम 2021-22			चीनी मौसम 2022-23			चीनी मौसम 2023-24		
राज्य	देय	चुकाया गया	बकाया	देय	चुकाया गया	बकाया	देय	चुकाया गया	बकाया
उत्तर प्रदेश	35201	35164	37	38051	37838	213	35910	32470	3440
महाराष्ट्र	43313	43281	32	35532	35507	25	36758	36570	188
कर्नाटक	20632	20632	0	19748	19748	0	19890	19825	65
गुजरात	3891	3891	0	3703	3703	0	3462	2372	1090
तमिलनाडु	3543	3543	0	4562	4562	0	3033	2959	74
बिहार	1578	1578	0	2189	2189	0	2371	2305	66
हरियाणा	2727	2727	0	2862	2862	0	2410	2384	26
पंजाब	2308	2280	28	2573	2573	0	2474	2357	117
मध्य प्रदेश	1839	1839	0	1771	1771	0	2140	2122	18
उत्तराखंड	1531	1531	0	1697	1697	0	1133	1116	17
आंध्र प्रदेश	662	662	0	660	660	0	581	563	18
तेलंगाना	662	662	0	805	805	0	583	579	4
छत्तीसगढ़	264	264	0	266	266	0	302	237	65
अन्य	120	120	0	75	75	0	89	89	0
कुल	**118271**	**118174**	**97**	**114494**	**114256**	**238**	**111136**	**105948**	**5188**